भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 642
सोमवार, 2 दिसम्बर, 2024 (11 अग्रहायण, 1946 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

पूर्वोत्तर क्षेत्र में नए विमान पत्तन

642. श्री बीरेन्द्र प्रसाद बैश्य:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र में नए विमान पत्तन बनाने तथा लोगों को वहां ले जाने के लिए छोटे विमानों का उपयोग करने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस क्षेत्र में रिपोर्ट की गई घटनाओं की आवृत्ति को देखते हुए, क्या वहां हेलीकॉप्टर सेवाएं बढ़ाने के लिए कोई नया अनुसंधान किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख): ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा नीति 2008 के तहत, देश के उत्तर पूर्वी क्षेत्र में दो नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे अर्थात् सिक्किम में पाक्योंग और अरुणाचल प्रदेश में ईटानगर (होलोंगी) को प्रचालनरत किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, असम के कछार जिले के डोलू में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के विकास के लिए फरवरी, 2024 में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को 'साइट क्लीयरेंस' की मंजूरी प्रदान की गई है।

(ग) और (घ): इस मंत्रालय द्वारा उत्तर पूर्वी क्षेत्र में हेलीकॉप्टर सेवाओं को बढ़ाने के लिए कोई नया अनुसंधान नहीं किया गया है।

*****